Australian Government

THE SCIENCE OF SAFE CONNECTION

टेल्को परिनियोजन (डिप्लोयमेंट) के लिए नियम

नए मोबाइल फ़ोन बेस स्टेशनों के नियम जानें

कुछ कॉमनवैल्थ कानून ऐसे हैं जो दूरसंचार कंपनियों (टेल्कोस) को, स्थानीय सरकार से योजना के अनुमोदन की आवश्यकता के बिना, केबल और एंटेना जैसे छोटे प्रकार के दूरसंचार उपकरण स्थापित करने की अनुमति देते हैं। बड़े प्रकार के इंस्टॉलेशन, जैसे कि फ्रीस्टैंडिंग टॉवर्स या खंभे, स्थानीय नियोजन कानूनों के अधीन हैं, जिनमें समुदाय से परामर्श की आवश्यकताएं भी शामिल हैं।

दूरसंचार कंपनियों से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रस्तावित परिनियोजन (डिप्लोयमेंट) के बारे में समुदायों के साथ सार्थक और संवेदनशील तरीके से संवाद करें। यदि दूरसंचार कंपनियां आगामी कार्यों को करने की योजना बना रही हैं, तो उन्हें भू-स्वामियों और ज़मीन के कब्जाधारियों को सूचित करना होगा, भू-स्वामियों को प्रस्तावित गतिविधियों पर आपत्ति करने के उनके अधिकार, आपत्ति के लिए उपलब्ध आधार (जैसे सुविधा का स्थान, या भूमि का उपयोग), किसी निर्णय की दूरसंचार उद्योग लोकपाल से समीक्षा करवाने के अधिकार, और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए लागू समय-सीमा के बारे में बताना होगा।

मोबाइल फोन बेस स्टेशन परिनियोजन के लिए उद्योग संहिता (परिनियोजन संहिता) उन प्रक्रियाओं को निर्धारित करती है, जिनका दूरसंचार कंपनियों को उन उपकरणों को स्थापित करते समय पालन करना चाहिए जिनके लिए विकास अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती। इस संहिता की रचना यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि मोबाइल फोन बेस स्टेशन के निर्माण से पहले समुदायों को सूचित किया जाए और काउंसिल और समुदाय के विचारों को ध्यान में रखा जाए।

आपकी संपत्ति और व्यापक दृश्यात्मकता संबंधी सुख-सुविधा पर किसी संभावित प्रभाव सहित, स्थापन या रखरखाव की प्रस्तावित गतिविधि के बारे में अन्य चिंताओं को उठाने के लिए, सामुदायिक परामर्श प्रक्रिया में भागीदारी उपयुक्त माध्यम है।

मोबाइल फोन बेस स्टेशनों को इलैक्ट्रोमैगनेटिक ऊर्जा (ईएमई) के लिए सुरक्षित सीमाओं का पालन करना होगा और दूरसंचार कंपनियों को बेस स्टेशन से आरएफ ईएमई के स्तर को दर्शाने वाली एक वातावरण संबंधी ईएमई रिपोर्ट प्रदान करके अनुपालन दर्शाना होगा।

प्रस्तावित और वर्तमान मोबाइल फोन बेस स्टेशनों के बारे में जानकारी रेडियो फ्रीक्वेंसी नेशनल साइट आर्काइव (आरएफएनएसए) www.rfnsa.com.au पर उपलब्ध है। आप किसी विशिष्ट स्थल या क्षेत्र में दूरसंचार उपकरणों की भविष्य की स्थापना के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सब्स्क्राइब कर सकते/ती हैं।





छोटे सेल

4G और 5G, दोनों सेवाओं के लिए स्थानीय क्षेत्रों में बेहतर कवरेज और क्षमता प्रदान करने के लिए दूरसंचार कंपनियों द्वारा छोटे सेल स्थापित किए गए हैं। इन्हें बिजली के खंभों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और विज्ञापन पैनलों पर स्थापित किया जा सकता है। स्थानीय क्षेत्रों में मैक्रो सेलों की तुलना में छोटे सेलों को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि वे कम बिजली का उपयोग करते हैं, उनके एंटेना छोटे होते हैं, उन्हें भवनों के भीतर स्थापित किया जा सकता है और वे 50 से 200 मीटर तक कवरेज प्रदान करते हैं। मैक्रो सेल के समान कवरेज देने के लिए उन्हें स्थानीय क्षेत्र में कई सड़कों पर एक नेटवर्क के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

छोटे सेलों को स्थापित करने और उनका रखरखाव करने के लिए स्थानीय सरकार की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि वे एक कम-असर वाली सुविधा हैं जो कॉमनवैल्थ कानून द्वारा कवर्ड है। परंतु, दूरसंचार कंपनियों के लिए परिनियोजन संहिता में निर्धारित अधिसूचना आवश्यकताओं का पालन करना आवश्यक है।

एक प्रस्तावित मोबाइल फोन बेस स्टेशन के बारे में शिकायत कैसे करें

मोबाइल फोन बेस स्टेशनों के परिनियोजन के लिए स्थान और समय, संबंधित दूरसंचार कंपनी द्वारा लिया गया एक वाणिज्यिक निर्णय होता है, जो उन क्षेत्रों की पहचान के बाद लिया जाता है जो समुदाय द्वारा उपयोग के लिए सबसे बड़ा कवरेज प्रदान करने वाले होते हैं। इन निर्णयों में ऑस्ट्रेलियाई सरकार की कोई भूमिका नहीं होती है।

यदि आप मानते/ती हैं कि दूरसंचार कंपनी ने परिनियोजन संहिता के नियमों का पालन नहीं किया है, तो आप ऑस्ट्रेलियाई संचार और मीडिया प्राधिकरण (एसीएमए) से शिकायत कर सकते/ती हैं। आपको परिनियोजन संहिता के उस भाग या भागों का उल्लेख करना होगा जिनके बारे में आपको लगता है कि इसका उल्लंघन किया गया है, तथा दूरसंचार कंपनी से की गई अपनी शिकायत और दूरसंचार कंपनी के जवाब की प्रतियां प्रदान करनी होंगी।

एसीएमए यह निर्धारित करेगा कि शिकायत की जांच की जाए या नहीं और यदि दूरसंचार कंपनी को इस संहिता का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है, तो एसीएमए औपचारिक चेतावनी जारी कर सकता है या इस दूरसंचार कंपनी को भविष्य में परिनियोजन संहिता का अनुपालन करने का निर्देश दे सकता है।

किसी दूरसंचार कंपनी द्वारा परिनियोजन संहिता या दूरसंचार अधिनियम 1997 के तहत दायित्वों के अनुपालन के बारे में शिकायतें एसीएमए को 1300 850 115 पर या info@acma.gov.au पर ईमेल द्वारा की जा सकती हैं।

और अधिक जानकारी के लिए देखें
www.eme.gov.au